**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT - 3 (2023-24)**

**GRADE: V** **MARKS: 50**
**SUB: HINDI** **TIME: 2 Hrs**

---

**सूचनाएँ** = १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्‌ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

## खंड (क) पठित (Seen passage)

**प्रश्न १) निम्नलिखित पठित गद्‌यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**
**(Read the seen passage and follow the instructions given below.)**

उसी वक्त आपा भी अपने कमरे से निकली। एक निहायत भारी साड़ी में लचकती-लटकती बड़े ठाठ से कॉलेज जा रही थीं।

“आप...!” सलीम ने बड़े गौर से आपा का मुआयना किया। “इतनी भारी साड़ी क्यों पहनी? शाम तक गारत हो आएगी। इस साड़ी को बदलकर जाइए। आज वह सफ़ेद वॉयल की साड़ी पहनना!”

“अच्छा अच्छा... बहुत दे चुके हुक्म...” आपा चिढ़ गई। "हमारे कॉलेज में आज फ़ंक्शन है," उन्होंने साड़ी की शिकनें दुरस्त कीं।

"हुआ करे.... मैं क्या कह रहा हूँ... सुना नहीं...?" अपनी इतनी अच्छी नकल देखकर आपा शर्मिंदा हो गई-बिल्कुल इसी तरह तो वह आरिफ़ और सलीम से उनकी मनपसंद कमीज़ उतरवाकर निहायत बेकार कपड़े पहनने का हुक्म लगाया करती हैं।

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(२अंक)**
**(Complete the blanks with the appropriate word.)**
१) सलीम ने बड़े गौर से _______ का मुआयना किया।
२) शाम तक _______ हो आएगी।

**ख) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा।** **(१अंक)**
**(Who said to whom.)**
१) आज वह सफ़ेद वॉयल की साड़ी पहनना!

**ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२अंक)**
**(Answer the following questions in one or two words.)**
१) आपा कहाँ जा रही थी?
२) सलीम की अच्छी नकल देखकर कौन शर्मिंदा हो गई?

**प्रश्न २) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen passage and follow the instructions given below.)**

| |
|---|
| "बस काफ़ी है दादी" उसने रूखे स्वर में कहा, "मैं तुम्हें राजम के बारे में कुछ बताना चाहता हूँ। जानती हो, उसे गणित में कितने नंबर मिलते हैं?"<br>"सारे नंबर मिलते होंगे। है न?" दादी ने पूछा।<br>"अरे नहीं, उसे सौ में से नब्बे मिलते हैं।"<br>"चलो अच्छा है लेकिन तुम्हें भी मेहनत करके उसकी तरह नंबर लेने चाहिए.... तुम्हें पता है तुम्हारे दादा कभी-कभी ऐसे उत्तर लिखते थे कि परीक्षकों को भी चकित कर देते थे। किसी सवाल का जवाब देने में वे दूसरों के मुकाबले दसवाँ हिस्सा वक्त लेते थे। और फिर उनके जवाब इतने शानदार होते थे कि कभी-कभी उनके अध्यापक उन्हें दो सौ नंबर तक दे देते थे।... जब उन्होंने एम.ए. किया तो उन्हें इतना बड़ा मैडल मिला था। मैं कई सालों तक उसे गले में पहनती रही। |

**क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(३अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false.)**

१) परीक्षकों को दादी चकित कर देती थी।

२) राजम को गणित में सौ में से सौ मिलते हैं।

३) दादा जी को एम.ए. करने पर बड़ा मैडल मिला था।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) जवाब किसके शानदार होते थे?

२) गले में मैडल कौन पहनती थी?

**प्रश्न ३) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen poem and follow the instructions given below.)**

| | |
|---|---|
| गुरू एक थे और था एक चेला,<br>चले घूमने पास में था न धेला।<br>चले चलते-चलते मिली एक नगरी,<br>चमाचम थी सड़कें चमाचम थी डगरी। | मिली एक ग्वालिन धरे शीश गगरी,<br>गुरू ने कहा तेज़ ग्वालिन न भग री।<br>बता कौन नगरी, बता कौन राजा,<br>कि जिसके सुयश का यहाँ बजता बाजा। |

**क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false.)**

१) नगरी की सड़कें चमाचम थी।

२) गुरू और चेला को रास्ते में ग्वाला मिलता है।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(३अंक)**

**(Choose the correct option.)**

१) ग्वालिन के सिर पर क्या था?

I) घड़ा II) टोकरी III) बक्सा

२) गुरू और चेला के पास क्या नहीं था?

I) सब्जी II) कपड़े III) पैसा

३) ग्वालिन के साथ किसने बात की?

I) अध्यापिका ने II) गुरू ने III) लड़की ने

## खंड (ख) पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न

**(Textual based questions)**

**प्रश्न १) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in one sentence.)**

१) अंधेर नगरी में सारी चीज़ें कैसे मिलती थी?

२) कोको के माता-पिता कहाँ चले गए हैं?

३) दफ़्तर जाते समय अब्बा ने रज़िया से कितने रुपए माँगे?

४) राजम के पिता पर किसने हमला किया?

**प्रश्न २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in detail.)**

१) कोको के घर दुकान का मैनेजर क्यों आया था?

२) गुरु जी ने राजा से क्या बात कही थी ?

**प्रश्न ३) स्वमत (स्व-अध्ययन पर प्रश्न)** **(Self opinion question.)** **(२अंक)**

१) कहते हैं कि एक झूठ बोलने के लिए सौ झूठ बोलने पड़ते हैं, आप इस विधान से सहमत हो या नहीं और इससे लाभ होता है या हानि?

## खंड (ग) अपठित (Unseen passage)

**प्रश्न १) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the unseen passage and follow the instructions given below.)**

नीम हमारा जाना-पहचाना पेड़ है। नीम का पेड़ हर जगह पाया जाता है। यह घना और छायादार होता है। इनकी पत्तियाँ आरे जैसे किनारोंवाली होती हैं। इसका हर अंग कड़वा होता है। नीम के फल को निबौली कहते हैं और इसका आकार छोटे गोल जैसा होता है। नीम वृक्ष के फूल सफ़ेद और खुशबूदार होते हैं। नीम का पेड़ बहुत गुणकारी है। इसकी पत्तियों, फल और छाल से तरह-तरह की दवाइयाँ बनती हैं। नीम की दातून दाँतों को स्वस्थ रखती है। इसकी छाया शीतल होती है। नीम के पेड़ की पत्तियाँ, छाल और फल आदि का स्वाद कड़वा होता है। नीम की कड़वाहट ही उसका गुण है।

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(३अंक)**

**(Complete the blanks with the appropriate word.)**

१) नीम के फल को ______ कहते हैं।

२) नीम की दातून _______ को स्वस्थ रखती है।

३) नीम का पेड़ बहुत ________ है।

**ख) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाए।** **(२अंक)**

**(Make sentence the following words.)**

१) ठंडा = २) सुगंध =

## खंड (घ) व्याकरण (Grammar)

**प्रश्न १) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write the antonyms (opposite word) of the following words.)**

१) चल × २) वीर ×

**प्रश्न २) कोष्ठक में दिए गए शब्द के बहुवचन रूप से वाक्य पूरा कीजिए।** **(२अंक)**

**(Complete the sentence using the plural form of the given word.)**

१) माली गमले में ________ लगा रहा है। (पौधा)

२) ________ मैदान में दौड़ रहे हैं। (लड़का)

**प्रश्न ३) निम्नलिखित वाक्यों में से उचित विशेष्य शब्द खोजकर लिखिए।** **(२अंक)**

**(Identify the appropriate Visheshya word in the following sentences and write them.)**

१) करेला कड़वा है। २) घोड़े सफेद हैं।

**प्रश्न ४) निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग वाक्यों में कीजिए।** **(२अंक)**

**(Use the following idioms in sentences.)**

१) टाँग अड़ाना -

२) प्राणों की बाजी लगाना -

**प्रश्न ५) निम्नलिखित परिच्छेद को उचित विरामचिह्नों के साथ फिर से लिखिए।** **(२अंक)**

**(Rewrite the following passage with proper punctuations.)**

"लेकिन, साहब रास्ता बहुत टेढ़ा है।" किशन ने कुली की बात काटी। बहुत चढ़ाई है और दूर भी है। "कितनी दूर?" जवाहरलाल ने पूछा। "आठ मील, साहब," कुली ने जल्दी से उतर दिया। "बस! तब तो ज़रूर चलेंगे।"

## खंड (ङ) लेखन (Writing skill)

**प्रश्न १) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर संवाद लिखिए।** **(४अंक)**

**(Write a conversation on one of the following topics.)**

१) अपनी पसंद का खिलौना लेते हुए एक बच्चे राजू को दुकानदार के साथ हुआ संवाद लिखिए।

२) एक बच्चे तथा दाँत के डॉक्टर के बीच हुई संक्षिप्त बातचीत (संवाद) लिखिए।

**प्रश्न २) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर पत्र लिखिए।** **(६अंक)**

**(Write a letter on any one of the following topics.)**

१) छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए।

२) बिजली बिल अधिक आने पर विद्युत विभाग को शिकायत पत्र लिखिए।

*******************************